RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 05 अगस्त 2025 | वर्ष 07 | अंक 107 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

## गौवंश चोरी और पुलिस को कुचलने की कोशिश, एक आरोपी गिरफ्तार



Page - 2

## हिंदुओं के अपमान के खिलाफ दादर में शिवसेना का विरोध प्रदर्शन




हिन्दुयो के बदनामी नही सहेंगे : पूर्व नगर सेवक समाधान सरवणकर शिवसेना

# पृथ्वीराज चव्हाण के बयान के विरोध में प्रदर्शन...

**मुंबई** : दादर स्थित कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन के बाहर शिवसेना ने कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण के उस बयान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने ह्हिंदू आतंकवादह्व शब्द के इस्तेमाल का समर्थन किया था। इस बयान को लेकर शिवसेना ने चव्हाण पर हिंदू समाज का अपमान करने का आरोप लगाया है। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शिवसेना कार्यकर्ता, महिला आघाड़ी की सदस्याएं और स्थानीय पदाधिकारी शामिल हुए। हाथों में बैनर और झंडे लिए



कार्यकताओं ने कांग्रेस और पृथ्वीराज चव्हाण के खिलाफ नारेबाजी की। पूर्व नगरसेवक समाधान सरवणकर ने प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए कहा कि हिंदुओं की बदनामी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा लेकिन पूरे क्षेत्र में पुलिस बल की तैनाती की गई थी ताकि किसी प्रकार की कानून व्यवस्था की समस्या न हो। शिवसेना का कहना है कि चव्हाण के बयान से समाज में गलत संदेश गया है और उन्हें इसके लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो आगे भी विरोध जारी रहेगा।

# मुंबई: मध्यरात्रि की छापेमारी में अश्लील नृत्य का पर्दाफाश

## ताड़देव स्थित पुष्पा रेस्टोरेंट और बार पर कार्रवाई !



**मुंबई:** मुंबई क्राइम ब्रांच यूनिट 3 ने ताड़देव स्थित पुष्पा रेस्टोरेंट और बार पर एक बड़ी छापेमारी की, जिसमें बिना उचित अनुमति के आयोजित अवैध नृत्य प्रदर्शनों का पर्दाफाश हुआ। पुष्ट सूचना के आधार पर, पुलिस ने पाया कि गायिका होने का दिखावा करके महिलाओं से नृत्य करवाया जा रहा था, जबकि ग्राहक उन पर खुलेआम पैसे उड़ा रहे थे। यह छापेमारी 2 अगस्त की मध्यरात्रि के ठीक बाद हुई, जब पुलिस आधिकारिक गवाहों के साथ परिसर में दाखिल हुई। हॉल के अंदर, कई महिलाएं डीजे संगीत पर नाचती हुई पाई गईं, जबकि पुरुष ग्राहक उन्हें पैसे फेंककर प्रोत्साहित कर रहे थे। वेटर और स्टीवर्ड सहित बार के कर्मचारी बिखरे हुए पैसे इकट्ठा करते देखे गए।

**नकदी और उपकरण जब्त**

कार्रवाई के दौरान, पुलिस ने बार मैनेजर, 10 स्टीवर्ड/वेटर, ऑर्केस्ट्रा कलाकारों, तीन कर्मचारियों और 32 ग्राहकों को हिरासत में लिया। कुल ₹7,46,900 नकद, एक लैपटॉप, एम्पलीफायर और अन्य ध्वनि उपकरण जब्त किए गए।

# मुंबई के दादर कबूतरखाना बंद... अब सड़कों पर मंडरा रहे हैं कबूतर !

## खतरे के मंडरा रहे बादल...

मुंबई : मुंबई के प्रतिष्ठित दादर कबूतरखाना को बीएमसी ने कोर्ट के आदेश के बाद अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। ताड़पत्री लगाकर इस स्थल को सील कर दिया गया है, जहां जैन समाज और अन्य पक्षीप्रेमी दशकों से कबूतरों को रोजाना दाना डालते आए हैं। हर रोज यहां हजारों कबूतरों को भोजन कराया जाता था, लेकिन अब यह सिलसिला रुक गया है।

कबूतरखाना बंद होने के बाद अब सैकड़ों कबूतर स्टेशन से लेकर कबूतरखाने तक लगभग 300 मीटर इलाके में सड़कों पर आ गए हैं, जहां वे अनाज के इंतजार में बैठे हैं। इससे न सिर्फ ट्रैफिक बाधित हो रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। स्थिति बिगड़ने पर जैन समाज और पक्षी प्रेमी खुद सड़कों पर उतर आए हैं और नाका मजदूरों की मदद से कबूतरों को हटाने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि कोई वाहन इन पर चढ़ न जाए। उनका एक ही आग्रह है ''कबूतरखाना फिर से शुरू किया जाए।''

**कबूतरखाना का क्या है पूरा मामला ?**

बीएमसी अब कबूतरों को



दाना डालने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर रही है ।माहिम में इस तरह की पहली एफआईआर भी दर्ज की जा चुकी है। वहीं, तनाव न बढ़े इसके लिए पुलिस बल को कबूतरखाना परिसर में तैनात किया गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह केवल एक दाना डालने की जगह नहीं, बल्कि भावनाओं से जुड़ा एक स्थान है ।BMC ने 2 अगस्त की रात को दादर के ऐतिहासिक कबूतरखाना परिसर को पूरी तरह से प्लास्टिक शीट्स और बांस की संरचनाओं से ढक दिया, ताकि वहां लोगों को दाना डालने से रोका जा सके।

## सीएसएमटी भूमिगत मेट्रो स्टेशन के प्रवेश द्वार बी-2 पर स्टेशन के नामकरण को लेकर विरोध प्रदर्शन



**मुंबई:** केईएम अस्पताल के पास स्थित सीएसएमटी भूमिगत मेट्रो स्टेशन के प्रवेश द्वार बी-2 पर स्टेशन के नामकरण को लेकर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट) के कार्यकताओं का विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। यह विरोध प्रदर्शन मेट्रो अधिकारियों द्वारा ह्लकोटक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मेट्रोह्व नाम वाले एक साइनबोर्ड के अनावरण के बाद हुआ, जिसे पार्टी कार्यकताओं ने छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत का अनादर करने वाला बताया।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# प्राथमिकता में आए मानसिक स्वास्थ्य

स्वस्थ रहना हमारी स्वाभाविक स्थिति होनी चाहिए, पर समकालीन परिवेश में अधिकांश लोगों के लिए यह संभव नहीं हो पा रहा है। शारीरिक रोगों को तो आसानी से पहचान लिया जाता है, परंतु मानसिक रोगों की पहचान और इलाज के लिए विशेष प्रशिक्षण और अध्ययन की आवश्यकता होती है। मनोचिकित्सा को विषय के रूप में मेडिकल कालेजों में साइकियाट्री के अंतर्गत रखा जाता है। इसी से जुड़े विषय क्लिनिकल साइकोलाजी और काउंसिलिंग भी हैं, जो मनोविज्ञान विषय के अंग हैं। भारत में मानसिक स्वास्थ्य सुविधाएं जनसंख्या की दृष्टि से बहुत कम और अपर्याप्त हैं। क्लिनिकल साइकोलाजी के अध्ययन की कुछ चुनिंदा संस्थाएं हैं, जहां जरूरी और प्रामाणिक प्रशिक्षण दिया जाता है। इस दृष्टि से एमए करने के बाद क्लिनिकल साइकोलाजी में एमफिल की एक प्रोफेशनल डिग्री का प्रविधान किया गया है। इसके अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य और उपचार के लिए छात्रों को गहन सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके द्वारा मानसिक रोगियों के उपचार के लिए प्रशिक्षुओं को थेरेपी देने के लिए योग्य बनाया जाता है। नई शिक्षा नीति में एमफिल की डिग्री को बंद करने का फैसला लिया गया है। इसके फलस्वरूप अन्य विषयों की तर्ज पर क्लिनिकल साइकोलोजी में भी एमफिल डिग्री को बंद करना होगा। इस एमफिल डिग्री की उपादेयता को अन्य विषयों में एमफिल के बराबर रख कर देखना घातक है। इसे बंद करने से मानसिक स्वास्थ्य की देख-रेख के लिए जो भी थोड़े बहुत मानव संसाधन तैयार हो रहे थे, वह क्रम रुक जाएगा। यह समाज के लिए बड़ा घातक होगा। सरकार इस पर पुनर्विचार करे।

मानसिक परेशानी के चलते शारीरिक बीमारियां भी होती हैं। इसी तरह शारीरिक रोग से मानसिक रुग्णता पैदा होती है। शरीर और मन को अलग रखना गलत है, क्योंकि स्वास्थ्य और बीमारी, दोनों ही स्थितियों में ये एक संयुक्त इकाई के रूप में ही काम करते हैं। आज बेरोजगारी, सामाजिक अन्याय, पारिवारिक विघटन, जीवन-हानि और गरीबी जैसी स्थितियां आम आदमी के मानसिक स्वास्थ्य के लिए चुनौती बनती जा रही हैं। कंप्यूटर, इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धि जैसे तकनीकी हस्तक्षेपों के चलते कामकाज अधिकाधिक स्वचालित होते जा रहे हैं। स्मार्टफोन जैसे उपकरणों के नए-नए माडल शान-शौकत के प्रतीक बनते जा रहे हैं। ऐसे उपकरणों के न होने पर आदमी की हैसियत कम आंकी जाती है, जो मानसिक रोग का एक कारण बन रही है। वैश्विक स्तर पर हुए स्वास्थ्य-सर्वेक्षणों में दुश्चिंता यानी एंग्जाइटी, फोबिया, बाई-पोलर डिसआर्डर आदि मनोरोगों से ग्रस्त लोगों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इसके चलते लोग मादक द्रव्य, तंबाकू, मद्यपान और विभिन्न ड्रग्स का सेवन भी तेजी से कर रहे हैं।

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# ठाणे में डेंगू-मलेरिया का डंक !

## जुलाई में 300 से अधिक मरीज, अस्पतालों में जगह कम पड़ी




**ठाणे :** बारिश के साथ ही ठाणे शहर में मच्छरों का आतंक बढ़ गया है। जुलाई का महीना ठाणे के लिए डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा लेकर आया। सरकारी और निजी अस्पतालों में बुखार से पीड़ित मरीजों की भीड़ इस कदर बढ़ी कि कई जगहों पर मरीजों को बिस्तर तक नसीब नहीं हो रहा। सबसे ज्यादा मरीज कलवा अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं, जहां डॉक्टरों और कर्मचारियों पर भी दबाव बढ़ गया है। बता दें कि ठाणे नगर निगम के आंकड़ों के मुताबिक जुलाई महीने में मलेरिया के 123, डेंगू के 127, टाइफाइड के 27 और चिकनगुनिया के 29 मरीज सामने आए। यानी सिर्फ एक महीने में 300 से अधिक लोग इन बीमारियों की चपेट में आए। मानसून के चलते कई जगहों पर पानी जमा हो गया है, जो मच्छरों के पनपने का सबसे बड़ा कारण बन रहा है। खासकर निमार्णाधीन इमारतों, टूटे टायरों, खुली पानी की टंकियों और गंदगी से भरे नालों में मच्छरों की भरमार है। डेंगू और मलेरिया के सबसे ज्यादा केस दिवा, माजीवड़ा-मानपाड़ा और नौपाड़ा-कोपरी इलाकों से सामने आए हैं। दिवा में सबसे ज्यादा 45 डेंगू मरीज मिले, जबकि मलेरिया के सबसे ज्यादा 29 मरीज नौपाड़ा-कोपरी से मिले हैं। चिकनगुनिया के 14 मरीज माजीवड़ा-मानपाड़ा में मिले और टाइफाइड के 11 मरीज दिवा में पाए गए।

**पानी जमा न होने की अपील**

ठाणे मनपा स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मई में डेंगू और मलेरिया के मामलों की संख्या 20 से भी कम थी, लेकिन जून में यह आंकड़ा दोगुना हो गया और जुलाई में तो यह डरावना रूप ले चुका है। स्वास्थ्य विभाग ने साफ किया है कि अगर नागरिकों ने सावधानी नहीं बरती तो आने वाले दिनों में हालात और खराब हो सकते हैं। मनपा ने नागरिकों से अपील की है कि पानी जमा न होने दें, पानी की टंकियों को ढककर रखें, पुराने टायरों और कचरे को हटाएं, और मच्छरदानी या क्रीम का इस्तेमाल करें। बुखार, बदन दर्द या कमजोरी महसूस होते ही तुरंत नजदीकी अस्पताल में जांच कराएं। शहर में इन बीमारियों से निपटने के लिए नगर पालिका ने अलर्ट जारी कर दिया है। साथ ही गैरेज, पंचर की दुकान और निर्माण स्थलों पर नोटिस देना शुरू कर दिया है।

# अंबोली (अंधेरी) हिंदू श्मशान भूमि तीन महीने के लिए अस्थायी रूप से बंद

**मुंबई :** मनपा प्रशासन ने महानगरपालिका के के-पश्चिम क्षेत्र में स्थित अंबोली ( अंधेरी ) हिंदू श्मशान घाट के उन्नयन का निर्णय लिया है और संबंधित कार्य शुरू कर दिया गया है। इन कार्यों के कारण, श्मशान घाट में बच्चों के दाह संस्कार के लिए श्मशान घाट की सुविधा तीन महीने की अवधि के लिए अस्थायी रूप से बंद रहेगी। इस अवधि के दौरान, नागरिकों के लिए अन्य स्थानों पर श्मशान घाट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। महानगरपालिका के भवन संरक्षण विभाग द्वारा अंबोली श्मशान घाट का उन्नयन और पुनर्निर्माण किया जा रहा है। श्मशान घाट में संबंधित कार्य पूरा होने के बाद, वहां बच्चों के दाह संस्कार के लिए श्मशान घाट की सुविधा फिर से उपलब्ध कराई जाएगी। इस बीच, ओशिवारा हिंदू श्मशान घाट और ढाका वसाहट हिंदू श्मशान घाट में वैकल्पिक श्मशान घाट उपलब्ध कराए गए हैं।

# गौवंश चोरी और पुलिस को कुचलने की कोशिश, एक आरोपी गिरफ्तार



**नालासोपारा :** नालासोपारा में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां गौवंश की चोरी कर उन्हें अवैध रूप से कत्लखाने ले जा रहे तीन आरोपियों ने पुलिस को रौंदने की कोशिश की। इस वारदात में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दो अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना दो अगस्त को सुबह करीब 5 बजे हुई। एक 24 वर्षीय युवक ने नालासोपारा (पूर्व) पुलिस को सूचना दी कि एक लाल रंग की स्कॉर्पियो (MH-02-AU-7821) में कुछ लोग अवैध रूप से गौवंश को ले जा रहे हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस उपनिरीक्षक हर्षल राउत ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नालासोपारा पश्चिम के वाजामोहल्ला में संदिग्ध गाड़ी को रोकने की कोशिश की। लेकिन गाड़ी के चालक ने पुलिस की बात को नजरअंदाज करते हुए गाड़ी को तेज रफ्तार में भगाया और पुलिसकर्मी को कुचलने की कोशिश की। आरोपी ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए वहां से फरार हो गए। पुलिस ने तीन आरोपियों के नाम उजागर किए हैं जिसमें इस्माइल इब्राहिम पठान (19), आशीष तांडेल उर्फ आशू, और तौफिक बंगाली। ये तीनों आरोपी नालासोपारा पश्चिम के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार, इन तीनों ने मिलकर गौवंश की चोरी की और उन्हें हत्या के इरादे से स्कॉर्पियो गाड़ी में भरकर ले जा रहे थे।

# मुंबई : सुनार ने व्यापारी से ₹2.66 करोड़ से ज्यादा का सोना ठग लिया...

## लोकमान्य तिलक मार्ग पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज



**मुंबई :** लोकमान्य तिलक मार्ग पुलिस स्टेशन में सोने की धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला दर्ज किया गया है, जहाँ एक सुनार ने कथित तौर पर एक व्यापारी से ₹2.66 करोड़ से ज्यादा का सोना ठग लिया, जो उसे आभूषण बनाने के लिए सौंपा गया था। आभूषण बनाने के लिए सोना सौंपा गया शिकायतकर्ता, अभिषेक अशोककुमार जैन (39), जो पेशे से जौहरी हैं और सायन ट्रॉम्बे रोड, चेंबूर के निवासी हैं, ने बताया कि उन्होंने 23 अप्रैल से 30 मई, 2025 के बीच मानस मोहन मंडल नामक एक स्वर्ण कारीगर को कुल 2,510.900 ग्राम 24 कैरेट सोना सौंपा था। यह सोना मंडल को दिया गया था, जो शेख मेनन रोड स्थित ओल्ड सट्टा गली में स्थित 'एमएम ज्वेल्स' नामक एक कार्यालय से काम करता था।

# मुंबई : ऑनलाइन गेम धोखाधड़ी में 21 लाख रुपये का चूना




**मुंबई :** कांदिवली की एक 79 वर्षीय महिला को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ऑनलाइन पहेली गेम धोखाधड़ी में 21 लाख रुपये का चूना लगाया गया, जिन्होंने उन्हें जीतने पर 10 करोड़ रुपये का इनाम देने का लालच दिया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि उसे इनाम का दावा करने के लिए एक प्रोसेसिंग शुल्क का भुगतान करने के लिए कहा गया था और राशि का भुगतान करने के बाद, धोखाधड़ी ने उसे बताया कि खेल बंद हो गया है और इनाम उसे हस्तांतरित नहीं किया जाएगा।

पुलिस के अनुसार, पीड़िता कृपा रूपनारायण भट, जो कांदिवली के चारकोप की निवासी हैं, ने इस साल अप्रैल में एक पहेली खेल का विज्ञापन देखा और गलती से विज्ञापन में दिए गए लिंक पर क्लिक कर दिया, जिससे वह खेल की वेबसाइट पर चली गई। अधिकारी ने कहा कि उसने साइट पर पहेलियों के जवाब दिए, जिसके बाद एक अज्ञात व्यक्ति ने उससे संपर्क किया और उसे बताया कि उसने पहेलियों का सही जवाब देने के लिए 10 करोड़ रुपये का इनाम जीता है।

# महाराष्ट्र के विदर्भ में अब नहीं बरसेंगे बादल ! मध्य महाराष्ट्र में अलर्ट

**महाराष्ट्र :** अगस्त की शुरूआत के साथ ही बादलों ने नहीं बरसने की जिद पकड़ ली है। बारिश नहीं होने के कारण अब तापमान में भी बढ़ोतरी होने लगी है। नागपुर का अधिकतम तापमान 34 डिग्री के पार पहुंच गया है। दिन में गर्मी और उमस हालाकान कर रही है। रविवार को सुबह बदराया मौसम रहा। दोपहर के वक्त कुछ देर के लिए धूप खिली। इसके बाद इक्का-दुक्का स्थानों पर चंद मिनटों की बौछारें पड़ीं। अच्छी बारिश नहीं होने और धूप निकलने से गर्मी बढ़ गई।

संडे को दिनभर लोग उमस से हलाकान रहे। मौसम विभाग ने रविवार को सिटी का अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री दर्ज किया। यह औसत से 3.6 डिग्री अधिक रहा। बीते 24 घंटों में अधिकतम तापमान में 0.4 डिग्री की



बढ़ोतरी दर्ज की गई। संडे को न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री दर्ज किया गया जो औसत से 0.4 डिग्री कम रहा। शनिवार की तुलना में रविवार को न्यूनतम तापमान में 1.6 डिग्री की गिरावट आई।

**पूरा विदर्भ गर्मी से त्रस्त**

बता दें कि नागपुर समेत पूरे विदर्भ में बारिश नदारद है। विदर्भ के इक्का-दुक्का जिलों को छोड़कर अधिकतर जिलों का तापमान 32 डिग्री के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग ने रविवार को ब्रह्मपुरी में 12.8 मिमी बारिश दर्ज की। जबकि बुलढाणा में 1 मिमी और नागपुर में मात्र 0.2 मिमी बारिश हुई।

मौसम विभाग ने आगामी 7 अगस्त तक इसी तरह का मौसम रहने के संकेत दिए हैं। उक्त अवधि के दौरान धूप-छांव का खेल चलता रहेगा। हालांकि अधिकतर समय आसमान में बादल छाए रहेंगे। लेकिन अच्छी बारिश नहीं होगी। इक्का-दुक्का इलाकों में बूंदाबांदी होने की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के मुताबिक दक्षिण मध्य महाराष्ट्र के जिलों में कुछ स्थानों पर और मराठवाड़ा जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा/गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। दक्षिण कोंकण-गोवा जिलों में अधिकांश स्थानों पर, उत्तर कोंकण जिलों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। उत्तर मध्य महाराष्ट्र के जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है।

**सोलापुर, नांदेड़, लातूर, धाराशिव में बारिश का येलो अलर्ट**

मौसम विभाग ने सोमवार के लिए सोलापुर, नादिड़, लातूर, धाराशिव में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। यहां गरज-चमक के साथ तूफान बिजली कड़कने और हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई गई है।

# मुंबई : अंधेरी में हिट एंड रन का मामला सामने आया...

**मुंबई :** अंधेरी इलाके में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। यहां एक तेज रफ्तार टैंकर ने एक्टिवा (स्कूटर) को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक्टिवा पर सवार बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मुंबई की एमआईडीसी पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




पुलिस सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपी ड्राइवर की तलाश में जुट गई है। एमआईडीसी पुलिस स्टेशन से मिली जानकारी के अनुसान, बुजुर्ग दंपति मंदिर से पूजा करके घर लौट रहे थे तभी अंधेरी के विजय नगर सर्विस रोड पर तेज रफ्तार टैंकर ने एक्टिवा को टक्कर मार दी। जिसके चलते एक्टिव सवार दंपति नीचे गिर गए। पीछे से आ रहे टैंकर ने स्कूटर सवार पत्नी माघीबेन पटेल को कुचल दिया वहीं पति रामजी पटेल कुछ दूर जा गिरे। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर टैंकर लेकर मौके से फरार हो गया।

मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत बुजुर्ग दंपति को नजदीकी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया, लेकिन डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपी ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज किया और उसकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस सड़क किनारे लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

# ऑटो रिक्शा व मोटरसाइकिल आमने-सामने टकराई...

## एक युवक की मौत, छह गंभीर रूप से घायल

**भिवंडी :** शहर के शांतिनगर क्षेत्र में शनिवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा पाइपलाइन मार्ग पर उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा और सामने से आ रही बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ मजदूर ड्यूटी खत्म कर गोदाम से रिक्शा द्वारा शांतिनगर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आ रहा रिक्शा और सामने से तेज रफ्तार में आ रही बाइक हाल ही में बनाए गए आरसीसी रोड पर आपस में टकरा गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि रिक्शा में सवार चार लोग और बाइक पर बैठे दो युवक गंभीर रूप



से घायल हो गए। स्थानीय नागरिकों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को तुरंत स्वं. इंदिरा गांधी मेमोरियल अस्पताल पहुंचाया। वहां से हालत गंभीर होने के कारण चार घायलों को ठाणे स्थित जिला अस्पताल हस्तांतरण कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार कुछ घायलों को गंभीर फ्रैक्चर और आंतरिक चोटें आई हैं। हादसे में जान गंवाने वाले युवक की पहचान महफूज जावेद खान (22 वर्ष) के रूप में हुई है। घायल हुए अन्य लोगों की पहचान इस प्रकार हुई है महेताब शाह (रिक्शा चालक, 30 वर्ष), मोहम्मद राशिद सिद्दीकी (37 वर्ष), दानिश खान (20 वर्ष), अयान राशिद सिद्दीकी (13 वर्ष) और मोहम्मद आरिफ रायन (21 वर्ष) स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शांतिनगर मार्ग पर हाल ही में बने आरसीसी रोड पर तेज रफ्तार में दौड़ते वाहन अक्सर नियंत्रण से बाहर हो जाते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। नागरिकों ने मांग की है कि संबंधित प्रशासन इस मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनाए और पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाए, ताकि ऐसे हादसों पर नियंत्रण पाया जा सके। फिलहाल शांतिनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना की जांच जारी है।

# भिवंडी पालिका का 'डायफर' जुगाड़...

## उड़ान पुल पर टपकते पानी को रोकने के लिए लगाया प्लास्टिक, बारिश ने किया बेनकाब

**भिवंडी :** शहर में पिछले कुछ दिनों से जारी मूसलधार बारिश ने भिवंडी महानगरपालिका की इंजीनियरिंग कार्यशैली की पोल खोल दी है। बारिश के चलते स्व.राजीव गांधी उड़ान पुल, स्व. बाला साहेब ठाकरे उड़ान पुल, धामणकर नाका उड़ान पुल और स्व.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम उड़ान पुल की जर्जर हालत सामने आई है। इन पुलों के जॉइंट्स से लगातार पानी टपक रहा है, जिससे नीचे से गुजरने वाले वाहनचालकों और पैदल यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इन पुलों पर लगे जल निकासी पाइप पहले ही जाम हो चुके हैं। परिणामस्वरूप, पुलों से गिरने वाला आयल युक्त पानी राहगीरों को भीगो देता है और उनके कपड़े खराब हो जाते हैं। इस समस्या को लेकर नागरिकों ने पालिका प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया। विरोध के बाद हरकत में आए पालिका इंजीनियरों ने पानी की धार को नियंत्रित करने के लिए अजीबो-गरीब उपाय निकाला। जहां से पानी गिर रहा था, वहां प्लास्टिक बांध दिया गया और उड़ान पुल को एक तरह से 'डायफर' पहना दिया गया। हालांकि, बारिश की तीव्रता के आगे यह 'डायफर' भी ज्यादा देर टिक नहीं सका और फट गया। सोशल मीडिया पर इस फटे हुए डायफर का वीडियो वायरल हो रहा है, जिससे नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। नागरिकों का कहना है कि 'इस तरह के जुगाड़ से समस्या का समाधान नहीं होगा। पालिका को स्थायी मरम्मत कार्य करना चाहिए, न कि तात्कालिक 'डायफर' उपायों पर निर्भर रहना चाहिए।' नगरवासी यह जानना चाहते हैं कि आखिर कब तक उन्हें इस तरह की असुविधाओं से जूझना पड़ेगा और क्या भिवंडी की जनता को कभी सुरक्षित और टिकाऊ बुनियादी सुविधाएं मिल पाएंगी ? पालिका प्रशासन की चुप्पी फिलहाल कई सवालों को जन्म दे रही है।

# केडीएमसी के कर वसूली केंद्रों पर छुट्टी के दिन भी उमड़े लोग

## तीन प्रभागों में 15.38 लाख रुपए की कर वसूली 31 अगस्त तक 5% की छूट भी उपलब्ध

**कल्याण :** कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका (केडीएमसी) द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए शुरू किए गए विशेष कर वसूली केंद्रों को जबरदस्त प्रतिसाद मिल रहा है। रविवार के दिन भी नागरिक बड़ी संख्या में केंद्रों पर पहुंचे और कर भरकर अपने दायित्व का पालन किया। महापालिका आयुक्त अभिनव गोयल के मार्गदर्शन में कुल 18 विशेष कर वसूली केंद्रों की व्यवस्था की गई है, जहां नागरिक




31 अगस्त तक अपने मालमत्ता कर (प्रॉपर्टी टैक्स) और पाणीपट्टी (वॉटर टैक्स) का भुगतान कर सकते हैं। इतना ही नहीं, 31 अगस्त तक भुगतान करने पर 5% की छूट भी दी जा रही है। बीते दिन 1/अ, 6/फ और 7/ग प्रभागों से कुल 15,38,897 रुपये की कर वसूली दर्ज की गई। इनमें 1/अ प्रभाग में 7,53,438 रुपये और 6/फ व 7/ग प्रभागों में संयुक्त रूप से 7,85,459 रुपये की रकम नागरिकों द्वारा नकद, चेक और ऑनलाइन माध्यमों से जमा की गई। कर वसूली की इस प्रक्रिया का निरीक्षण आज मालमत्ता कर विभाग की उपायुक्त कांचन गायकवाड ने किया। उन्होंने 1/अ प्रभाग के अटाळी चौक और 6/फ प्रभाग के आदित्य मंगल कार्यालय परिसर में स्थापित वसूली केंद्रों का दौरा किया। इस दौरान 1/अ प्रभाग के सहायक आयुक्त प्रमोद पाटील और 6/फ व 8/ग प्रभाग की सहायक आयुक्त हेमा मुंबरकर भी मौजूद थीं।

# मुंबई : नायर चैरिटेबल हॉस्पिटल हॉस्टल की कैंटीन दो महीने से बंद !

**मुंबई :** हाजी अली स्थित टोपीवाला नेशनल मेडिकल कॉलेज और बीवाईएल नायर चैरिटेबल हॉस्पिटल हॉस्टल की कैंटीन लगभग दो महीने से बंद है, जिससे 400 से ज्यादा छात्र स्ट्रीट फूड पर निर्भर हैं या ऑनलाइन एग्रीगेटर्स से खाना ऑर्डर कर रहे हैं, जिस पर उन्हें कम से कम ₹250-300 प्रति भोजन खर्च करना पड़ रहा है। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि बकाया किराए के कारण कैंटीन सेवाएँ निलंबित कर दी गई हैं और छात्रों को कॉलेज कैंटीन के जरिए भोजन



उपलब्ध कराया जा रहा है। लेकिन हॉस्टल निवासियों का कहना है कि आपूर्ति अनियमित और गुणवत्ता खराब है। 31 जुलाई को, हॉस्टल निवासियों ने हॉस्टल वार्डन के माध्यम से डीन डॉ. शैलेश मोहिते को एक पत्र सौंपा, जिसमें कैंटीन सेवाओं को तत्काल फिर से शुरू करने की माँग की गई, खासकर उनकी आसन्न अंतिम परीक्षा को देखते हुए।

# घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न और बाल यौन शोषण की शिकायतें बढ़ीं...

## ठाणे के महिला परामर्श केंद्रों में 90% शिकायतें महिलाओं की

**ठाणे :** महिलाओं और बच्चों के खिलाफ बढ़ते अत्याचारों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से महाराष्ट्र सरकार द्वारा स्थापित महिला परामर्श केंद्र आज ठाणे जिले में सामाजिक न्याय की दिशा में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ठाणे जिले में वर्तमान में तीन महिला परामर्श केंद्र सक्रिय हैं, जो कश्मीरा पुलिस स्टेशन, टिटवाला (कल्याण ग्रामीण) और कपूरबावड़ी पुलिस स्टेशन परिसर में कार्यरत हैं। इन केंद्रों पर दर्ज होने वाली कुल शिकायतों में से 90 प्रतिशत से अधिक शिकायतें महिलाओं द्वारा की जाती हैं।

इन शिकायतों में प्रमुख रूप से पति और ससुराल वालों द्वारा घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, वरिष्ठ नागरिकों को घर से निकालना, बाल यौन शोषण और मानसिक उत्पीड़न के मामले शामिल हैं। परामर्श केंद्रों





का उद्देश्य केवल कानूनी प्रक्रिया को शुरू करना नहीं, बल्कि विवाद को संवाद और सामंजस्य के जरिए सुलझाना है, ताकि परिवार का ढांचा बना रहे। परिवार परामर्श केंद्र की शुरूआत 1985 में की गई थी और यह केंद्र महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ-साथ राज्य पुलिस विभाग के सहयोग से संचालित किए जा रहे हैं। जब कोई महिला शिकायत लेकर संबंधित थाने पहुंचती है, तो उसे सीधे परामर्श केंद्र भेजा जाता है। वहां प्रशिक्षित काउंसलर उसकी काउंसलिंग करते हैं और मामले की गंभीरता के अनुसार पति या ससुराल पक्ष को बुलाकर आपसी समझौते की कोशिश करते हैं। इन केंद्रों में घरेलू हिंसा के अब तक 216 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से अधिकांश मामलों का समाधान परामर्श प्रक्रिया से ही हो गया है। लेकिन जब विवाद आपसी सहमति से नहीं सुलझता, तो मामला पुनः पुलिस थाने को सौंपा जाता है।

# मुंबई : गैंगस्टर एजाज यूसुफ लकड़ावाला हत्या के प्रयास और जबरन वसूली के मामले में बरी...



**मुंबई :** ठाणे सत्र न्यायालय ने हाल ही में गैंगस्टर एजाज यूसुफ लकड़ावाला को 2011 के एक मामले में उसके खिलाफ कथित हत्या के प्रयास और जबरन वसूली के मामले में जांच में गंभीर खामियों और विश्वसनीय सबूतों के अभाव का हवाला देते हुए बरी कर दिया। 55 वर्षीय लकड़ावाला पर 19 अप्रैल, 2011 को ठाणे के आनंद नगर इलाके में एक प्रॉपर्टी डेवलपर के बिक्री कार्यालय में सशस्त्र हमले की साजिश रचने का आरोप था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 19 अप्रैल, 2011 को एक अज्ञात व्यक्ति ठाणे के आनंद नगर में एक प्रॉपर्टी डेवलपर के बिक्री कार्यालय में घुस गया। उसने एक कर्मचारी पर पिस्तौल तानने की कोशिश की, उस पर बंदूक से हमला किया और रिसेप्शन का शीशा तोड़ दिया।

कथित तौर पर डर पैदा करने के लिए–लकड़ावाला के नाम और एक मोबाइल नंबर वाली एक सफेद पर्ची छोड़कर–वह एक साथी के साथ मोटरसाइकिल पर भाग गया। कासरवडावली पुलिस स्टेशन ने उसी दिन लकड़ावाला के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली, लेकिन उसे मार्च 2021 में ही गिरफ्तार किया गया और कई महीनों बाद एक पूरक आरोपपत्र दाखिल किया गया। लंबी देरी के बाद, फरवरी 2025 में आरोप तय किए गए और उसके तुरंत बाद मुकदमा शुरू हुआ।

## मुंबई : नगर निगम स्कूल का चौकीदार नौ साल बाद बरी...



**मुंबई :** नौ साल बाद, बॉम्बे हाईकोर्ट ने हाल ही में कोपरी में एक नगर निगम स्कूल के चौकीदार को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया, जिस पर कथित तौर पर दो छात्राओं के साथ बलात्कार करने और स्कूल के एक लड़के को अश्लील वीडियो दिखाने का आरोप था। न्यायमूर्ति सारंग कोतवाल की एकल पीठ, ठाणे की एक अदालत द्वारा सितंबर 2023 में चौकीदार को दी गई सजा के खिलाफ उसकी अपील पर फैसला कर रही थी, इस आधार पर कि उसे मामले में झूठा फंसाया गया था। कोपरी पुलिस ने कोपरी स्कूल की छात्राओं के बयानों के आधार पर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के बाद अगस्त 2018 में चौकीदार को गिरफ्तार किया था।

## बोरीवली पश्चिम स्थित एक झील में डूबने से एक 20 वर्षीय युवक की मौत

**मुंबई :** रविवार शाम बोरीवली पश्चिम स्थित एक झील में डूबने से एक 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। शाम करीब 6.22 बजे मुंबई फायर ब्रिगेड (एमएफबी) को सूचना मिली कि बोरीवली में एसके रिसॉर्ट्स के पास झांसी रानी लक्ष्मीबाई झील में अल्ताफ शेख नाम का एक व्यक्ति गिर गया है। एमएफबी की एक टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुँची। दमकलकर्मियों ने उस व्यक्ति को बचा लिया और शताब्दी अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने पीड़ित मोहम्मद अल्ताफ शरीफ शेख को मृत घोषित कर दिया।

## मुंबई : मौसम विभाग का पूर्वानुमान; अगस्त में सामान्य से कम वर्षा

**मुंबई :** भारतीय मौसम विभाग ने दक्षिण-पश्चिम मानसून 2025 (अगस्त-सितंबर) के दूसरे भाग के लिए अपना पूर्वानुमान जारी किया है। इसके अनुसार, महाराष्ट्र में अगस्त में सामान्य से कम या सामान्य वर्षा होगी, हालाँकि, सितंबर में वर्षा की गतिविधि फिर से बढ़ जाएगी। मौसम विभाग ने मानसून 2025 के लिए औसत से अधिक वर्षा का अनुमान लगाया है। मुंबई में, मानसून इस वर्ष 16 दिन पहले - 26 मई को, जबकि सामान्यतः 11 जून को आगमन होता है। मुंबई में पिछले सप्ताह तक भारी वर्षा हुई थी। हालाँकि, एक सप्ताह तक शांति रहेगी और आने वाले सप्ताह में भी भारी वर्षा की उम्मीद नहीं है। 3 अगस्त से शुरू होने वाले अगले पाँच दिनों के लिए भारतीय मौसम विभाग के जिला मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, मुंबई और इसके महानगरीय क्षेत्रों - ठाणे, पालघर और रायगढ़ - के लिए कोई मौसम चेतावनी जारी नहीं की गई है। इस क्षेत्र में हल्की बारिश होने की संभावना है।

## मुंबई : ग्राम सेवक को थप्पड़ मारने की धमकी... भाजपा नेता और राज्य मंत्री मेघना बोरडिकर का एक वीडियो



**मुंबई :** महायुति नेताओं द्वारा सत्ता के खेल और अहंकार का प्रदर्शन करने की कई घटनाओं के बाद रविवार को एक और मामला सामने आया। एनसीपी (एसपी) विधायक रोहित पवार ने भाजपा नेता और राज्य मंत्री मेघना बोरडिकर का एक वीडियो साझा किया जिसमें वह सार्वजनिक रूप से एक ग्राम सेवक को थप्पड़ मारने की धमकी दे रही हैं और सीएम देवेंद्र फडणवीस को अपने मंत्रियों को नियंत्रित करने की सलाह दी। हालांकि, बोरडिकर ने दावा किया कि वीडियो भ्रामक है और उन्होंने कहा कि वह ग्राम सेवक को चेतावनी दे रही थीं, क्योंकि ऐसी शिकायतें मिली थीं कि उन्होंने विधवाओं और महिला मजदूरों से सरकारी योजनाओं के लिए पंजीकरण कराने के लिए रिश्वत मांगी थी। पिछले कई महीनों से संजय शिरसाट, योगेश कदम, संजय राठौड़, गोपीचंद पडलकर और माणिकराव कोकाटे जैसे महायुति नेताओं ने भ्रष्टाचार के आरोपों या सार्वजनिक रूप से अहंकारी व्यवहार के कारण राज्य सरकार की छवि को नुकसान पहुंचाया है।

## मुंबई : जुहू के व्यवसायी को साइबर जालसाज ने की 50,000 रुपये की ठगी...



**मुंबई :** जुहू के एक व्यवसायी को साइबर जालसाज ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करके उसके अमेरिका में रहने वाले भाई की आवाज की नकल करके 50,000 रुपये की ठगी का शिकार बना लिया। जुहू पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर के अनुसार, 56 वर्षीय सीतल एस. एक प्लास्टिक फैक्ट्री के मालिक हैं और अपनी पत्नी के साथ रहते हैं। उन्हें एक अमेरिकी नंबर से व्हाट्सएप कॉल आया, जिस पर उनके भाई आशीष डी की तस्वीर थी। कॉल करने वाले व्यक्ति की आवाज बिल्कुल आशीष जैसी थी, उसने खुद को बीमार बताया और तुरंत 50,000 रुपये मांगे। आवाज पर भरोसा करके, सीतल ने पहले गूगल पे से ट्रांजेक्शन करने की कोशिश की, जो नाकाम रही। फिर उन्होंने कॉल करने वाले द्वारा दिए गए बैंक खाते में रकम ट्रांसफर कर दी।

बाद में, कॉल करने वाले व्यक्ति ने 50,000 रुपये और मांगे, जिससे सीतल को शक हुआ। उन्होंने सीधे अपने भाई से संपर्क किया और पता चला कि ऐसा कोई कॉल नहीं आया था। तभी उन्हें एहसास हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। जुहू पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। पुलिस ने बताया कि एआई वॉइस क्लोनिंग से जुड़े मामले बढ़ रहे हैं। धोखेबाज छोटी ऑडियो क्लिप का इस्तेमाल करके एआई मॉडल्स को प्रशिक्षित करते हैं जो किसी व्यक्ति की आवाज की सटीक नकल करते हैं।

## मुंबई में 227 चुनावी वार्ड सीमाओं का चिह्नांकन पूरा

**मुंबई :** बीएमसी प्रशासन ने मुंबई में 227 चुनावी वार्ड सीमाओं का चिह्नांकन पूरा कर लिया है। आगामी नवंबर में होने वाले बीएमसी चुनावों के लिए वार्ड सीमांकन को अंतिम रूप देने के लिए कुल नौ में से यह पहला कदम है। वार्ड सीमाओं का मसौदा सोमवार या मंगलवार को राज्य शहरी विकास विभाग (यूडीडी) को प्रस्तुत किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, बीएमसी आयुक्त को 5 अगस्त से पहले वार्ड सीमाओं का मसौदा यूडीडी को भेजना होगा। इसके बाद, 22-28 अगस्त के बीच नागरिकों से सुझाव और आपत्तियाँ आमंत्रित करते हुए मसौदा प्रकाशित किया जाएगा। यूडीडी को अंतिम मसौदा पुनः प्रस्तुत करने की तिथि 9-15 सितंबर निर्धारित की गई है। राज्य चुनाव आयोग को प्रस्ताव प्रस्तुत करने का कार्य 16-22 सितंबर तक पूरा करना होगा। अंतिम वार्ड सीमाओं की अधिसूचना 3-6 अक्टूबर तक जारी की जाएगी।

## स्कूल से लौट रही बच्ची पर टूट पड़े कुत्ते

**मुंबई :** मुंबई से एक चौंकाने वाली और डरावनी घटना सामने आई है, जहां स्कूल से घर लौट रही एक मासूम बच्ची पर अचानक आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। यह घटना उस समय हुई जब बच्ची अकेले स्कूल से अपने घर की ओर जा रही थी। रास्ते में कुछ आवारा कुत्ते उसके पीछे पड़ गए और उस पर झपट पड़े। स्थानीय लोगों ने बच्ची को बचाया। च्ची ने डर के मारे जोर जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया।

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com